# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका

## जून 2018




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# केनाल रोड खुर्सीपार में तीसरे दिन भी जारी रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के.एल. चौहान के निर्देश पर जोन 04 शिवाजी नगर अनुविभाग कार्यालय के अंतर्गत आज तीसरे दिन वार्ड 33, 34, एवं 35 में केनाल रोड के दोनो किनारे में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं निगम भिलाई के संयुक्त अभियान चलाकर लगभग 450 अतिक्रमणकारियों का कब्जा खाली कराया गया। निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने प्रभावित अतिक्रमणकारियों से अपील की है कि वे स्वयं निगम द्वारा चिन्हित अवैध कब्जा स्वयं हटा लेवें! प्रभावित लोंग जो निगम के द्वारा बनाये गए सर्वे सूचि में जिनका नाम अंकित है ऐसे लोंगो को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवास में आबंटित किया जा रहा है। आयुक्त महोदय के आदेशानुसार विगत 03 दिनों से जारी जोन 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार के वार्ड 33, 34 एवं 35 में आज अवैध रूप से अतिक्रमण कर निवास एवं व्यवसाय करने वाले लगभग 450 अतिक्रमणकारियों के द्वारा जो टीन शेड, सीमेंट, पक्के निर्माण कर निवास एवं व्यवसाय किया जा रहा था ऐसे अतिक्रमणकारियों का अवैध कब्जा हटाया गया।



# निगम मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में प्रसारण हुआ

**भिलाईनगर/** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के रैंडमली चयनित हितग्राहियों से आज सुबह 9 बजे से विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सीधे सम्पर्क किया गया जिस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से किया गया । इस संबंध में नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा मुख्य कार्यालय के सभागार एवं जोन 01, 02, 03, 04, एवं 06 में माननीय प्रधानमंत्री के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। निगम क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों के द्वारा अपने-अपने जोन अंतर्गत उपस्थित होकर सीधा प्रसारण को देखकर इस योजना से जुड़ी नियम एवं फायदे के संबंध में जानकारी से अवगत हुए। निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा आज प्रातः से ही सभी जोन कार्यालय का भ्रमण कर प्रसारण किये जाने के संबंध में आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया गया साथ ही जोन आयुक्तों को निर्देशित किया गया कि वे प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों से माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा सीधा विडियों कान्फ्रेन्स के माध्यम से संवाद किया जाना है प्रसारण के समय स्वयं उपस्थित रहकर सारी व्यवस्था सुचारु रुप से चले ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर लेवें। ताकि हितग्राहियों को इस योजनान्तर्गत मिलने वाले आवास के संबंध में प्रसारित जानकारी प्राप्त हो सके। निगम आयुक्त श्री चौहान निगम मुख्य कार्यालय के सभागार में स्वयं उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

**भिलाईनगर/** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत नगर पालिक निगम भिलाई के चयनित 91 वरिष्ठ नागरिको को बोध,गया,नालंदा तीर्थ हेतु निगम मुख्य कार्यालय सुपेला से दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए पुजा अर्चना के बाद जयधोष के साथ रवाना किया गया । छ.ग. शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के अन्तर्गत निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्डो के वरिष्ठ नागरिको द्वारा शासन द्वारा प्रस्तावित यात्रा 11 जून से 15 जून बोध गया नालंदा के लिए आवेदन प्रस्तुत किये थे जिसका जिला चयन समिति द्वारा चयन किये गये 91 यात्रियों को सोमवार प्रातः 8 बजे निगम मुख्य कार्यालय प्रांगण में एकत्र कर उपस्थिति दर्ज कर योजना के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे द्वारा यात्रियों को यात्रा के दौरान बरते जाने वाली सावधारियों की जानकारी देकर पूजा अर्चना के पश्चात जयघोष के साथ वाहन प्रभारी दुर्योधन साहू एवं गणित राम बघेल के साथ जिला समाज कल्याण विभाग दुर्ग हेतु रवाना किया गया जहा यात्रियों की अन्य कार्यालयीन औचारिकताए पूरी करने के पश्चात दुर्ग रेल्वे स्टेशन से गंतव्य के लिए रवाना किया गया ।



# आपदा प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ दल एवं कंन्ट्रोल रुम की

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का 14 जुन 2018 को दुर्ग जिला, भिलाई आगमन पर नगर निगम क्षेत्र से आने वाले नागरिकों के लिए वाहन व्यवस्था के संबंध में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों की ड्युटी नोडल अधिकारी, रुट प्रभारी एवं वाहन व्यवस्था से संबंधित कर्मचारियों के लिए आदेश जारी किया गया है प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश वाहन व्यवस्था में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों को दिये गये जिसमें वाहन प्रभारी वाहन प्रारम्भ होने वाले स्थल पर वाहन के साथ प्रातः 5.30 बजे उपस्थित रहेंगे, वाहन में आने वाले लोगों को एकत्रित करेंगे, पुरा वाहन भरने के उपरान्त सभा स्थल के लिए रवाना होंगे, वाहन हेतु निर्धारित पार्किंग स्थल तक लेकर जायेंगे, पार्किंग स्थल से सभा स्थल तक लोगों को लेकर जायेंगे, सभा समाप्त होने उपरान्त लोगों को पार्किंग स्थल तक लायेंगे, पार्किंग स्थल में लोगों को निर्धारित वाहन में बैठायेंगे, उस वाहन में आये सभी लोग (महिला, बच्चें, एवं पुरुष) वाहन में बैठाने के उपरान्त ही वाहन वापसी के लिए रवाना होंगे, वाहन में आये सभी लोगों को (महिला, बच्चें, एवं पुरुष) उनके निवास स्थान तक पहुंचाने की जिम्मेदारी वाहन प्रभारी (रुट प्रभारी) की होगी, वाहन प्रभारी वाहन में बैठे लोगों के मान से भोजन पैकेट एवं पानी पाउच प्राप्त करेंगे, सभा में सम्मिलित लोगों को उनके निवास स्थान तक वापस पहुंचाने का प्रमाण पत्र देना होगा।



## खुर्सीपार जोन-04 शिवाजी नगर में आयोजित सामग्री वितरण कार्यक्रम

**भिलाईनगर/** छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने अण्डा चौक मंगल भवन खुर्सीपार जोन-04 शिवाजी नगर में आयोजित सामग्री वितरण कार्यक्रम में सभा को संबोंधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के द्वारा आम नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाए लागू की गई है। जिसका उद्देश्य पात्र सभी हितग्राहियों को इसका फायदा मिल सकें। मजदूर कार्ड के माध्यम से भी शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। क्षेत्र के विकास के लिए लोक निर्माण कार्य आम नागरिकों के मांग अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर निगम भिलाई द्वारा कराया जा रहा है। निगम क्षेत्र के अन्तर्गत प्रायमरी से मिडिल से हाईस्कूल का भी उन्नयन किया गया है। जिससे बच्चों को अपने ही क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा प्राप्त हो रही है। शासन का यह स्पष्ट मत है, कि राज्य के नागरिकों के जीवन शैली में बदलाव हो ऐसी योजनाए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा बनाई गई है। जिसका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिले। भिलाई विधान सभा के अन्तर्गत नये पुल पुलिया, सड़क, उद्यान, विद्युत एवं सफाई व्यवस्था संधारण कार्य के साथ-साथ अनेक प्रकार के योजनाए चल रही है। तथा मंत्री महोदय द्वारा स्वयं ई-रिक्शा चला कर शुभारंभ किया।






## स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक कर स्वच्छता का संदेश दिया गया

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत मिशन क्लीन सिटी के स्त्रोत पृथक्कीकरण (रिड्यूज, रीयूज, रिसायकल) को प्रचार-प्रसार द्वारा दैनिक आदत बनाये जाने के लिए निकायों में स्वच्छता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 छ0ग0 के निकायो के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रदेशवासियों को आभार व्यक्त करने होर्डिंग्स स्थापना के साथ-साथ निगम के जोन कार्यालय के अंतर्गत स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गई एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई तथा स्वच्छता के प्रति जागरुकता संदेश दिया गया।

निगम आयुक्त के निर्देश अनुसार सभी जोन आयुक्त अपने-अपने कार्यालय के अंतर्गत 24 जुन से 26 जुन 2018 तक नगर पालिक निगम, भिलाई के सभी जोन अंतर्गत वार्डो में गतिविधियो का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री चौहान ने सभी जोन आयुक्तों को गतिविधियों का आयोजन किये जाने तथा की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन, फोटोग्राफ्स एसबीएम पोर्टल पर अपलोड करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश जारी किये गये, इसी क्रम में रैली एवं नुक्कड़ सभाएं के माध्यम से स्वच्छता संदेश दिया गया।



# सामान्य सभा में पारित सफाई व्यवस्था हेतु

**भिलाईनगर/** स्वच्छ भारत मिशन के तहत् आकस्मिक साफ-सफाई नाली, सड़क, बाजार एवं अन्य सफाई कार्य हेतु लगने वाले सफाई कामगारों की निविदा लागत से अधिक होने के कारण दर निगोशिएशन हेतु सामान्य सभा को प्रेषित किये जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के 04 प्रस्ताव पर एमआईसी में स्वीकृति प्रदान करते हुए सेवानिवृत्त सनत कुमार बंछोर के संविदा नियुक्ति में वृद्धि किये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर राज्य शासन को भेजे जाने की अनुशंसा की है।

निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन 03 में स्वच्छ भारत मिशन के तहत् गैंग के माध्यम से आकस्मिक साफ-सफाई कार्य नाली, सड़क, बाजार एवं अन्य सफाई कार्य हेतु सफाई कामगार उपलब्ध कराये जाने के 04 प्रस्ताव पर महापौर परिषद में विचार पश्चात् निविदा लागत अधिक होने के कारण न्यूनतम दर दाता से निगोशिएशन हेतु प्रकरण सामान्य सभा में प्रेषित किये जाने की अनुशंसा महापौर परिषद द्वारा की गई। 07 मार्च को आयोजित सामान्य सभा की विशेष बैठक में पारित संकल्प 03 साफ-सफाई व्यवस्था हेतु माडल टेंडर के संबंध में सम्पूर्ण कार्य योजना तैयार कर महापौर परिषद की आगामी बैठक में रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।



# शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में निगम उपायुक्त श्री आर0बी0एस0 चौहान की उपस्थिति में निगम में कार्यरत् कर्मचारी श्री मुकेश अग्रवाल आत्मज श्री जितेन्द्र अग्रवाल निज सहायक, श्री यतीन्द्र नाथ देवांगन पिता श्री देव कुमार देवांगन राजस्व निरीक्षक, श्री डी0एल0 साहू पिता श्री जालम सिंह साहू सहायक ग्रेड-02, श्री राजकुमार सोनी पिता श्री रामानन्द सोनी सहायक ग्रेड-02, श्री चन्द्रकुमार चन्द्राकर पिता श्री हरिश्चन्द्र पम्प सहायक, श्रीमती बुधाबाई पति स्व. सेवाराम मजदुर जो अपनी 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। अपनी सेवाकाल पूर्ण किये हुए कर्मचारी को निगम उपायुक्त श्री चौहान के द्वारा शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। निगम परिवार आप लोगों के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायू होने की कामना करता है आप हमेशा निगम परिवार को अपने पास ही पायेंगे। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने किया। बिदाई समारोह में निगम के अरोरा, संजय वर्मा, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।




**Editorial Board**

श्री कुमार लाल चौहान
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री सुभाष ठाकुर
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई